अथवा

हमेशा के लिए मारी जा रही है
जिनके हिस्से की धूप
मैं उनके साथ रहना चाहता हूँ
जिनके आकाश में ईंटें बज रही हैं
उनके साथ मैं एक जानकारी की तरह
रहना चाहता हूँ

5. 'धानों का गीत' कविता के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए। 12

अथवा

'अकाल और उसके बाद' कविता में चित्रित अकाल की दशा का वर्णन कीजिए।

6. "यदि अन्य कवि प्रगतिवादी हैं, तो मुक्तिबोध आधुनिक प्रगतिवादी हैं।" पठित कविताओं के आधार पर इस उक्ति का विवेचन कीजिए। 12

अथवा

यथार्थ चित्रण की दृष्टि से 'मोचीराम' कविता की समीक्षा कीजिए।

☆ ☆ ☆

2015

HINDI

(Major)

Paper : 4.2

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'प्रगतिशील लेखक संघ' का प्रथम अधिवेशन कब हुआ था?

(ख) प्रगतिवादी सिद्धान्त का मूल आधार क्या है?

(ग) 'दूसरा सप्तक' का प्रकाशन कब हुआ था?

(घ) हिन्दी साहित्य में 'प्रयोगवाद' का सूत्रपात किसने किया?

(ङ) "रूप-तृष्णा भी
(और काँच के पीछे)
है जिजीविषा।"

ये पंक्तियाँ किस कविता से हैं?

(च) नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या था?

(छ) 'अन्तर्देशीय' कविता के कवि कौन हैं?

(ज) 'टूटा हुआ पहिया' कविता में महाभारत के एक पात्र का उल्लेख हुआ है। उस पात्र का नाम क्या है?

(झ) 'युगान्त' किसकी रचना है?

(ञ) 'नई कविता : निस्सहाय नकारात्मकता' शीर्षक निबन्ध के निबन्धकार कौन हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) 'नई कविता' की प्रमुख प्रवृत्ति क्या है?

(ख) 'प्रगतिवादी काव्य' का मूलाधार क्या है?

(ग) 'नकेनवाद' क्या है?

(घ) 'औद्योगिक बस्ती' कविता का मूल भाव क्या है?

(ङ) प्रगतिवादी और प्रयोगवादी काव्यधारा की भिन्नता स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'प्रयोगवाद' के उद्भव की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'विजय : एक क्रमिक आत्महत्या' कविता का सन्देश क्या है?

(ख) 'प्रयोगवाद' और 'नई कविता' की भिन्नता पर एक टिप्पणी लिखिए।

अथवा

'भूल-गलती' कविता का आशय क्या है?

(ग) 'कलगी बाजरे की' कविता में अज्ञेय ने नये प्रयोग करने के पीछे क्या तर्क रखा है? विवेचन कीजिए।

अथवा

"उसकी गरमाहट पहुँच रही है आदमी की नींद और विचारों तक।" इन पंक्तियों का आशय बताइए।

(घ) शमशेर बहादुर सिंह के कवि व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

अथवा

'मिथक' का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 8×2=16

(क) और सचमुच, इन्हें जब-जब देखता हूँ
यह खुला वीरान संसृति का घना हो सिमट आता है—
और मैं एकान्त होता हूँ
समर्पित।
शब्द जादू हैं...
मगर क्या यह समर्पण कुछ नहीं है?

अथवा

मर गयी कविता? जवानी मर गयी
मर गया सूरज सितारे मर गये
मर गये सौन्दर्य सारे मर गये
सृष्टि के आरंभ से चलती हुई
प्यार की हर साँस पर पलती हुई
आदमीयत की कहानी मर गयी।

(ख) वासना डूबी
शिथिल पल में
स्नेह काजल में
लिए अद्भुत रूप-कोमलता
अब गिरा अब गिरा वह अटका हुआ आँसू
सांध्य तारक-सा
अतल में